तापमान

भोपाल	22.0°	25.0°
इंदौर	23.0°	29.0°
जबलपुर	23.0°	25.0°
ग्वालियर	25.0°	30.0°
सागर	22.0°	26.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 277, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, कृष्ण नवमी संवत् 2083
शनिवार, 5 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... विक्रमादित्य वैदिक घड़ी-2.0 का वॉल वर्जन ...

खेल... यूएस ओपनः राइबाकिना ने बोउजास मानेइरो को सीधे सेटों ...

व्यापार... नवरात्र या दिवाली पर आ सकता है जियो...

देश-विदेश... भारत-अमेरिका की दोस्ती से कई देशों को ...

जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री निवास में श्रीकृष्णमय हुआ माहौल, नन्हें बाल-गोपालों को खिलाया माखन

कष्टों से लड़कर श्रीकृष्ण ने दिखाया सुख-समृद्धि का मार्ग : डॉ. यादव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के नाम से भारत की पहचान पूरे विश्व में बनी है। उन्होंने मानव रूप में जन्म लेकर अनेक कष्ट सहे, दुष्टों का संहार किया और जनकल्याण के लिए सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन कठिन परिस्थितियों में धैर्य और संयम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आख्यान पर्व में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लड्डू गोपाल का जलाभिषेक और पूजन-अर्चन किया। माखन-मिसरी से भरी मटकी फोड़कर राधारानी और बाल गोपाल की वेशभूषा में पहुंचे बच्चों को माखन खिलाया तथा उपहार देकर दुलार किया।

कार्यक्रम में विभिन्न कला समूहों ने श्रीकृष्ण जन्म, कालिया नाग मर्दन, गोवर्धन लीला, कंस वध और गीता उपदेश पर आधारित नृत्य नाटिकाएं प्रस्तुत कीं। मयूर नृत्य और सुमधुर भजनों से मुख्यमंत्री निवास भक्तिरस में डूब गया।

श्रीकृष्ण पाथेय में सांदीपनि आश्रम, जानापाव और महिदपुर सहित अन्य तीर्थ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक रूप से भी सशक्त हो रहा है और भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को वैदिक घड़ी भेंट की गई। कार्यक्रम में मंत्री, विधायक, संत-वृंद और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

खिलाड़ियों ने मलखंभ के रोमांचक करतब दिखाए।। डॉ. यादव ने कहा कि सरकार श्रीराम और श्रीकृष्ण से जुड़े स्थलों को भव्य तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है।

मथुरा-वृंदावन में उमड़ा आस्था का सैलाब

सनातन आस्था को कोई मिटा नहीं पायाः योगी

नईदुनिया ब्यूरो, मथुरा : श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मथुरा-वृंदावन में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और श्री बांके बिहारी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। जन्मोत्सव के अवसर पर भक्तों ने भजन, ढोल-मंजीरों और शंख की धुन पर नृत्य कर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्रद्धालुओं और ब्रजवासियों पर पुष्प वर्षा की। जन्मस्थान पर संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत पर कई आक्रमण हुए, लेकिन सनातन आस्था को कोई मिटा नहीं पाया। उन्होंने कहा कि जो लोग आस्था मिटाने का प्रयास करते थे, वे इतिहास में समाप्त हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार श्रीकृष्ण, श्रीराम, बाबा विश्वनाथ और मां विंध्यवासिनी की आस्था के अनुरूप कार्य कर रही है। उन्होंने मथुरा-वृंदावन को अयोध्या और काशी की तरह भव्य स्वरूप देने का संकल्प दोहराया।

प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दी शुभकामनाएं

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : *प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन्माष्टमी के पावन अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य संदेशों को नि:स्वार्थ कर्म की अद्भुत प्रेरणा बताते हुए कहा कि इन संदेशों ने मानवता का निरंतर मार्गदर्शन किया है। प्रधानमंत्री ने कामना की कि भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और उपासना को समर्पित यह पावन पर्व सभी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शक्ति का संचार करे। उन्होंने जय श्रीकृष्ण के संदेश के साथ सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने एक सुभाषित भी साझा करते हुए भगवान श्रीकृष्ण को वसुदेव के पुत्र, कंस और चाणूर का संहार करने वाले, माता देवकी को परम आनंद देने वाले तथा दिव्यता के साक्षात स्वरूप और जगद्गुरु के रूप में नमन किया।*

जॉर्जिया मेलोनी को प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को युद्ध पश्चात इटली के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री पद पर बने रहने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि इटली के लोगों के उनके नेतृत्व पर विश्वास को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने भारत-इटली विशेष रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में मेलोनी की भूमिका की सराहना करते हुए दोनों देशों के समृद्ध भविष्य के लिए साथ मिलकर कार्य जारी रखने की बात कही।

जीत गई जिंदगीः नौ दिन बाद सुरंग से जिंदा निकले दो मजदूर

आवाज सुनकर रेस्क्यू टीम ने तेज किया अभियान, अब भी 40 लोगों के फंसे होने की आशंका

काठमांडू, एजेंसीः नेपाल में आई बाढ़ के नौ दिन बाद त्रिशूली-3 'ए' जलविद्युत परियोजना की सुरंग से दो मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। शुक्रवार सुबह बचाव दल ने सुरंग में फंसे दोनों मजदूरों को जीवित अवस्था में बाहर निकाला। उनकी पहचान संजय साह और कबीर महर्जन के रूप में हुई है। बाढ़ के बाद परियोजना की सुरंग में 42 कर्मचारी और मजदूरों के फंसे होने की जानकारी सामने आई थी। दो मजदूरों के सुरक्षित मिलने के बाद बचाव अभियान में उम्मीद बढ़ गई है। सुरंग में अभी भी करीब 40 लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। रेस्क्यू अभियान के दौरान सुरंग के भीतर से इंसानी आवाज सुनाई देने की सूचना मिली थी। इसके बाद नेपाल सेना और सशस्त्र पुलिस बल की टीमों ने सुरंग के अंदर प्रवेश कर तलाश अभियान तेज किया। लगातार प्रयासों के बाद दो मजदूरों को बाहर निकालने में सफलता मिली। नेपाल में बाढ़ के कारण बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। अब तक 5,300 से अधिक लोगों के लापता होने की जानकारी सामने आई है। राहत और बचाव कार्य लगातार जारी हैं। बचाव दलों ने अब तक 12,038 लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया है, जबकि बाढ़ से 1,282 लोगों की मौत हो चुकी है।

खास-खबरें

यासीन मलिक ने कोर्ट से मांगी फांसी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : तिहाड़ जेल में बंद जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के प्रमुख मोहम्मद यासीन मलिक ने कश्मीरी पंडित महिला सरला भट की हत्या के मामले में अपनी भूमिका से इनकार किया है। उन्होंने 25 पेज का हलफनामा दायर कर अदालत से अपने लिए फांसी की सजा की मांग की है। मलिक ने खुद को बेगुनाह बताते हुए कहा कि वह इस मामले में आगे कानूनी लड़ाई नहीं लड़ेंगे। उन्होंने आरोपों को मनगढ़ंत बताते हुए कहा कि उन्हें दशकों बाद इस मामले में फंसाया गया है। यह हलफनामा राज्य जांच एजेंसी द्वारा 29 जून को सरला भट हत्याकांड में आरोप पत्र दाखिल किए जाने के बाद सामने आया है।

जंगल में मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

नईदुनिया ब्यूरो, बडगाम : जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में शुक्रवार को सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में एक आतंकी मारा गया। यह अभियान अशदार गली के जंगल क्षेत्र में चलाया गया। सुरक्षाबलों को एक अन्य आतंकी के छिपे होने की आशंका है, जिसकी तलाश जारी है। सेना के अनुसार, मारे गए आतंकी की पहचान अभी नहीं हो सकी है। मौके से एक एके राइफल बरामद की गई है। घाटी में करीब दो महीने बाद मुठभेड़ हुई है।

ब्रिटेन पहुंचे मोहन भागवत हिंदू संगठनों ने किया स्वागत

लंदन, एजेंसीः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत अपने तीन देशों के दौरे के अंतिम चरण में गुरुवार को ब्रिटेन पहुंचे। लंदन पहुंचने पर 100 से अधिक ब्रिटिश हिंदू संगठनों ने उनका स्वागत किया। यह दौरा संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर चलाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय संपर्क अभियान का हिस्सा बताया गया है। मोहन भागवत इस यात्रा के दौरान अमेरिका और कनाडा भी जा चुके हैं। ब्रिटेन पहुंचने से पहले उन्होंने कनाडा में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया था। इस बीच ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री डैन जार्विस ने संसद में लिखित जवाब देते हुए कहा कि मोहन भागवत की ब्रिटेन यात्रा देश के इमिग्रेशन नियमों की शर्तों के अनुरूप है। दरअसल, पिछले सप्ताह ब्रिटिश-

भारतीय सांसद नादिया व्हिटोम ने संसद में सवाल उठाते हुए पूछा था कि क्या इस यात्रा की नियमों के अनुसार पूरी समीक्षा की गई है। डैन जार्विस ने कहा कि गृह मंत्रालय व्यक्तिगत मामलों पर टिप्पणी नहीं कर सकता, लेकिन ब्रिटेन में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इमिग्रेशन नियमों का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार हिंसा और व्यक्तियों तथा समुदायों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले विचारों से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री भागवत इससे पहले सितंबर 2018 में भी अमेरिका गए थे। उस दौरान उन्होंने शिकागो में आयोजित दूसरे वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस में हिस्सा लिया था। कार्यक्रम में करीब 60 देशों के लगभग 2,500 प्रतिनिधि शामिल हुए थे।

पार्किंग के दौरान खंभे से टकराया इंडिगो विमान

अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त, सभी 200 यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित

नईदुनिया ब्यूरो, श्रीनगरः श्रीनगर एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह इंडिगो का एक विमान पार्किंग के दौरान खंभे से टकरा गया। हादसे में विमान का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि विमान में सवार सभी 200 यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। इंडिगो की उड़ान 6ई 225 सुबह नवी मुंबई से श्रीनगर पहुंची थी। करीब नौ बजे बे नंबर छह में विमान को पार्क करते समय यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद विमान का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को मैनुअल सीढ़ियों की सहायता से सुरक्षित विमान से बाहर निकाला गया। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान जिस खंभे से टकराया, वह दृश्य डॉकिंग मार्गदर्शन प्रणाली का हिस्सा बताया गया है, जो विमान को पार्किंग बे में सही स्थान तक पहुंचाने में सहायता करती है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल श्रीनगर एयरपोर्ट का संचालन सामान्य बताया गया है और अन्य उड़ानें निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित हो रही हैं।

दिल्ली एयरपोर्ट पर भरा पानी, उप्र में 16 हजार लोगों का रेस्क्यू

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को हुई तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। भारी बारिश के कारण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कई हिस्सों में पानी भर गया, जिससे उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ। अहमदाबाद, मुंबई और पोर्ट ब्लेयर से आने वाली उड़ानें देरी से पहुंचीं। यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अगले कुछ घंटों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की संभावना जताई गई है। उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश के कारण 23 जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। वाराणसी और चित्रकूट सबसे अधिक प्रभावित हैं। अब तक 16 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। बिहार के 16 जिलों में बाढ़ से करीब पांच लाख लोग प्रभावित हैं। गंगा सहित आठ प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

पानिहाटी नगर पालिका अध्यक्ष गिरफ्तार

नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाताः आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले में पुलिस ने पानिहाटी नगर पालिका के अध्यक्ष सोमनाथ डे को गिरफ्तार किया है। उन्हें बुधवार सुबह बेंगलुरु में छापेमारी के दौरान पकड़ा गया और गुरुवार रात पश्चिम बंगाल लाया गया। जांच अधिकारियों का आरोप है कि सोमनाथ डे ने घटना के बाद सबूत नष्ट करने का प्रयास किया और पीड़िता के शव के जल्द अंतिम संस्कार में मदद की। यह घटना 8-9 अगस्त 2024 की रात हुई थी। मामले में आरोपी संजय रॉय को 20 जनवरी 2025 को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।

कुत्ते ने बचाई महिला की आबरू, आरोपी को खदेड़ा

नईदुनिया ब्यूरो, चेन्नईः तमिलनाडु के कोयंबटूर में एक आवारा कुत्ते ने सड़क किनारे बैठी महिला के साथ कथित यौन उत्पीड़न की कोशिश को नाकाम कर दिया। महिला की चीख सुनते ही पास मौजूद कुत्ता आरोपी युवक पर झपट पड़ा और उसे वहां से दूर तक खदेड़ दिया। घटना गुरुवार देर रात अशोकापुरम इलाके में रेलवे ओवरब्रिज के पास हुई। बताया गया कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और सड़क किनारे बैठी हुई थी। इसी दौरान एक युवक उसके पास पहुंचा और कथित तौर पर उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की।

महिला के विरोध और चीखने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद आवारा कुत्ता तुरंत युवक की ओर दौड़ा। कुत्ते के आक्रामक होने पर आरोपी वहां से भागने लगा और कुत्ते ने उसका पीछा कर उसे दूर तक खदेड़ दिया। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी नशे की हालत में था। उससे घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

निजी अस्पताल में लगी आग स्टाफ ने बचाए नौ नवजात

नईदुनिया ब्यूरो, छत्रपति संभाजीनगरः महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में शुक्रवार को एक निजी अस्पताल के नवजात गहन चिकित्सा इकाई में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय वार्ड में नौ नवजात भर्ती थे, जिन्हें अस्पताल कर्मचारियों ने तुरंत सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना जालना रोड स्थित एशियन अस्पताल में हुई। अस्पताल संचालक डॉ. शोएब हाशमी के अनुसार, कर्मचारियों ने वार्ड में लगे वातानुकूलन उपकरण से धुआं निकलते देखा। इसके बाद टीम ने तत्काल सभी नवजातों को बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू कर दी। कुछ ही देर में आग बढ़ने लगी और धुआं पूरे क्षेत्र में फैल गया। हालांकि कर्मचारियों की सतर्कता से सभी नौ बच्चों को समय रहते सुरक्षित निकाल लिया गया। बाद में परिजनों की सहमति से नवजातों को दूसरे अस्पतालों में भेज दिया गया। अस्पताल की टीम ने आग पर तुरंत काबू पा लिया। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

दोनों पत्नियों में बराबर बांटी जाएगी पारिवारिक पेंशन

नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाताः कलकत्ता हाईकोर्ट ने मृत केंद्रीय कर्मचारी की पारिवारिक पेंशन दोनों पत्नियों के बीच बराबर बांटने का आदेश दिया है। वहीं कर्मचारी द्वारा दूसरी पत्नी को नामित किए जाने के कारण ग्रेच्युटी उसे देने के निर्देश दिए गए हैं। न्यायमूर्ति रीतोब्रतो कुमार मित्रा ने पहली पत्नी की याचिका पर यह आदेश दिया। अदालत ने संबंधित अधिकारियों को छह सप्ताह के भीतर पहली पत्नी को पारिवारिक पेंशन का आधा हिस्सा देने को कहा। मृत कर्मचारी केंद्रीय भूजल बोर्ड में कार्यरत थे और वर्ष 2024 में उनका निधन हो गया था।

विज्ञान *ईओएस-05 के सफल प्रक्षेपण से सीमावर्ती क्षेत्रों और प्राकृतिक आपदाओं की निगरानी में मिलेगी मदद...*

36 हजार किमी की ऊंचाई से तस्वीरें लेगा भारत का नया उपग्रह

नईदुनिया ब्यूरो, श्रीहरिकोटाः भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने गुरुवार देर रात 2 बजकर 55 मिनट पर ईओएस-05 इमेजिंग उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया। उपग्रह को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट के माध्यम से अंतरिक्ष में भेजा गया।

ईओएस-05 को पृथ्वी से करीब 36 हजार किलोमीटर ऊंचाई वाली जियोसिंक्रोनस कक्षा में स्थापित किया जाना है। इस ऊंचाई से तस्वीरें लेने वाला यह भारत का पहला इमेजिंग उपग्रह बताया गया है। इससे पहले देश के इमेजिंग उपग्रह निचली कक्षा से पृथ्वी की तस्वीरें लेते रहे हैं। उपग्रह भारत और उसके आसपास के बड़े भूभाग की लगातार निगरानी कर सकेगा। इससे पाकिस्तान और चीन की सीमाओं सहित संवेदनशील तथा रणनीतिक क्षेत्रों पर नजर रखने में सहायता मिलने की संभावना है। इसके अलावा बाढ़, चक्रवात, भारी वर्षा और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की निगरानी में भी इसका उपयोग किया जाएगा।

उपग्रह से मिलने वाली तस्वीरों और आंकड़ों के माध्यम से आपदा की स्थिति का शीघ्र पता लगाने तथा समय रहते चेतावनी जारी करने में मदद मिल सकेगी। जंगल की आग और पर्यावरण में होने वाले बदलावों की निगरानी भी इसके माध्यम से की जा सकेगी। जीएसएलवी-एफ17, जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल कार्यक्रम की 19वीं उड़ान थी। प्रक्षेपण के करीब 18 मिनट बाद ईओएस-05 को सब-जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में स्थापित कर दिया गया। इसके बाद उपग्रह को अपनी अंतिम कक्षा तक पहुंचाया जाएगा।

ईओएस-05 में दो मल्टीस्पेक्ट्रल इमेजर लगाए गए हैं, जो पृथ्वी की तस्वीरें अलग-अलग प्रकाश तरंगों में लेने में सक्षम हैं। इनसे जमीन, वनस्पति, जल और पर्यावरण में होने वाले परिवर्तनों की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। एक इमेजर की क्षमता 42 मीटर प्रति पिक्सल बताई गई है। जियोसिंक्रोनस कक्षा पृथ्वी से लगभग 35,786 किलोमीटर ऊपर स्थित है। इस कक्षा में उपग्रह पृथ्वी के घूमने की गति के अनुरूप करीब 24 घंटे में एक चक्कर पूरा करता है।